Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 09-03-2006

Participants : Soren Shri Shibu

>

Title : Statement regarding status of implementation of recommendations contained in the 8th report of the Standing Committee on Coal and Steel pertaining to the Ministry of Coal.

कोयला मंत्री (श्री शिबु सोरेन) : महोदय, मैं, दिनांक 1 सितम्बर, 2004 के लोक सभा बुलेटिन भाग-II के माध्यम से जारी लोक सभा के माननीय अध्यक्ष के निदेश 73ए के अनुपालन में कोयले और इस्पात पर संसदीय स्थायी समिति की 8वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति पर एक वक्तव्य दे रहा हूं।

कोयले और इस्पात पर स्थायी समिति की 8वीं रिपोर्ट (14वीं लोक सभा) को 26.4.2005 को लोक सभा में प्रस्तुत की गयी थी। यह रिपोर्ट वर्ा 2005-2006 हेतु कोयला मंत्रालय की अनुदान मांगों की जांच से संबंधित है।

समिति की रिपोर्ट में निहित सिफारिशों/ निकर्ाों पर कृत कार्रवाई वक्तव्यों को 25.7.2005 को कोयले और इस्पात पर स्थायी समिति को भेजा गया था।

उक्त रिपोर्ट में समिति द्वारा 24 सिफारिशें की गयी हैं जिनमें सरकार की ओर से कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। ये सिफारिशें मुख्यतः वार्षिक योजनागत परिव्यय, निधियों के कम उपयोग, आंतरिक तथा अतिरिक्त बजटीय संसाधनों (आई.ई.बी.आर) का विवेकपूर्ण उपयोग, चालू परियोजनाओं की समीक्षा, खानों का यंत्रीकरण और आधुनिकीकरण, परियोजनाओं का कार्यान्वयन, परियोजनाओं का निपादन, लिंकेज, कोयला और लिग्नाइट का अन्वेाण, केप्टिव ब्लाकों का आबंटन, कोयला खान क्षेत्रों में सड़कों और रेलवे का विकास, नेयवेली लिग्नाइट कारपोरेशन (एन.एल.सी.) में सामुदायिक विकास, संरचनात्मक सुविधाएं, रेत भराई और सुरक्षात्मक कार्यों हेतु निधियों का उपयोग, आर. एंड आर. नीति तथा आर. एंड डी. क्रियाकलापों जैसे मुद्दों से संबंधित हैं।

समिति द्वारा की गयी विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति मेरे वक्तव्य के साथ लगे अनुबंध में दर्शाई गयी है जो सदन के पटल पर रख दिया गया है। मैं इस अनुबंध के सारे विवरण को पढ़कर सदन का बहुमूल्य समय नहीं लेना चाहूंगा। मेरा अनुरोध है कि इसे पढ़ा हुआ समझा जाए।

*** Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 3838/2006.**

-